# डिजिटल अरेस्ट गिरोह पर बड़ा प्रहार

**80 से अधिक ठिकानों पर कार्रवाई, दो गिरफ्तार**

**16 राज्यों में 80 से अधिक ठिकानों पर मारे छापे, दो गिरफ्तार**

**नई दिल्ली, 25 जून. केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने गुरुवार को डिजिटल अरेस्ट के जरिए धोखाधड़ी करने वाले साइबर अपराधियों के नेटवर्क के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए ऑपरेशन चक्र-छह के तहत 16 राज्यों में 80 से अधिक स्थानों पर एक साथ छापेमारी की.**

इस कार्रवाई के दौरान चेन्नई और कोलकाता से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान बी नरेश और संजीब साहा के रूप में हुई है. इस अभियान के लिए सीबीआई ने 60 विशेष टीमों का गठन किया था. इन टीमों ने पंजाब, गुजरात, दिल्ली, महाराष्ट्र, हरियाणा, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, असम, पश्चिम बंगाल, मणिपुर, कर्नाटक और ओडिशा सहित देश के 16 राज्यों में फैले 80 से अधिक ठिकानों पर सघन तलाशी ली. सीबीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह छापेमारी डिजिटल अरेस्ट से



जुड़े 200 से अधिक मामलों में संलिप्त एक बड़े आपराधिक नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए चल रही जांच के हिस्से के रूप में की गई है. गिरफ्तार किए गए दोनों व्यक्तियों पर फर्जी कंपनियां बनाने और धोखाधड़ी के लिए बैंक खाते खोलने तथा उन्हें संचालित करने का आरोप है.

**सीबीआई ने आधुनिक तकनीकी उपकरणों की मदद ली**

आधुनिक तकनीकी उपकरणों की मदद से सीबीआई ने देश और विदेश में चल रहे इस आपराधिक नेटवर्क के मुख्य स्रोतों की पहचान की. जांच में सामने आया है कि ये अपराधी अपनी धोखाधड़ी को असली दिखाने के लिए अदालतों और विभिन्न जांच एजेंसियों के नाम पर फर्जी और जाली दस्तावेज और आदेश पत्र अपलोड करते थे. छापेमारी के दौरान कई आपत्तिजनक दस्तावेज, डिजिटल उपकरण, मोबाइल फोन और बैंक लेनदेन से जुड़े रिकॉर्ड जब्त किए गए हैं. अधिकारी ने बताया, इन सभी सामग्रियों की विस्तृत जांच की जा रही है.

अधिकारी ने कहा, इन बैंक खातों का उपयोग कथित तौर पर अपराध से कमाई गई लगभग दो करोड़ रुपये की संदिग्ध राशि को ठिकाने लगाने (मनी लॉन्ड्रिंग) के लिए किया जा रहा था.

सीबीआई ने हाल ही में एक ऐसी धोखाधड़ी वाली वेबसाइट का पता लगाया था, जिसका पता (यूआरएल) उच्चतम न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट से काफी मिलता-जुलता था. इन जालसाजों ने डिजिटल अरेस्ट के नाम पर लोगों को ठगने के लिए इस फर्जी वेबसाइट का इस्तेमाल किया था.

## ईडी की गाजियाबाद और दिल्ली में छापेमारी

**नई दिल्ली, 25 जून.** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के लखनऊ क्षेत्रीय कार्यालय ने धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत संदीप सिंह, श्रेष्ठ प्रॉपबिल्ड प्राइवेट लिमिटेड के प्रमोटरों और सेवा सुरक्षा सहकारी आवास समिति के पदाधिकारियों के खिलाफ चल रही जांच के सिलसिले में गुरुवार को कई स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया. ईडी के अनुसार, आवास समिति के सदस्यों को एक पुनर्विकास परियोजना के तहत आवासीय फ्लैट देने का वादा किया गया था. इस वादे के आधार पर उन्हें गाजियाबाद के अकबरपुर बहरामपुर में लगभग 41,544 वर्ग मीटर भूमि पर अपने अधिकार सौंपने के लिए कथित तौर पर राजी किया गया था.



## अमेरिकी सीनेट में ट्रंप को बड़ी जीत

- ईरान पर सैन्य अधिकार नहीं होंगे सीमित
- 5 :47 मतों से प्रस्ताव खारिज, रिपब्लिकन को बढ़त

**वॉशिंगटन, 25 जून. वॉशिंगटन में अमेरिकी सीनेट ने एक अहम मतदान में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई से जुड़े अधिकारों को सीमित करने वाले प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। यह प्रस्ताव 47 मतों के मुकाबले 50 मतों से असफल हो गया, जिसे ट्रंप प्रशासन के लिए एक महत्वपूर्ण राजनीतिक जीत के रूप में देखा जा रहा है।**

यह प्रस्ताव डेमोक्रेटिक सीनेटर टिम केन द्वारा पेश किया गया था, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि राष्ट्रपति किसी भी संभावित सैन्य कार्रवाई से पहले कांग्रेस की अनुमति लें। हालांकि मतदान में इसे अपेक्षित समर्थन नहीं मिल सका। रिपब्लिकन पार्टी के अधिकांश सांसदों ने प्रस्ताव का विरोध किया, जबकि रिपब्लिकन सीनेटर सुसान कॉलिन्स और लिसा मर्कोव्स्की ने डेमोक्रेट्स के पक्ष में मतदान किया. वहीं रैंड पॉल ने मतदान से दूरी बनाए रखी। प्रस्ताव के समर्थन में डेमोक्रेट्स के साथ कुछ अन्य सांसद भी शामिल थे, लेकिन बहुमत हासिल नहीं हो सका. जॉन फेटरमैन जैसे कुछ डेमोक्रेट्स ने भी प्रस्ताव का विरोध किया, जिससे समीकरण और कमजोर हो गया. यदि यह प्रस्ताव पारित हो जाता, तो राष्ट्रपति को ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई के लिए कांग्रेस की मंजूरी अनिवार्य हो जाती, हालांकि व्हाइट हाउस ने पहले ही संकेत दिया था कि ऐसी स्थिति में राष्ट्रपति इसे वीटो कर सकते हैं.

**दोनों देशों के बीच युद्धविराम समझौता प्रभावी**

व्हाइट हाउस ने तर्क दिया कि वर्तमान में अमेरिका और ईरान के बीच किसी सक्रिय सैन्य संघर्ष की स्थिति नहीं है और दोनों देशों के बीच युद्धविराम समझौता प्रभावी है। प्रशासन ने 1973 के वॉर पावर्स रिजोल्यूशन की संवैधानिक वैधता पर भी सवाल उठाए हैं. मतदान के बाद पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर इसे अपनी विदेश नीति की सफलता बताते हुए कहा कि यह फैसला ईरान के लिए स्पष्ट संदेश है।

## दस नवनिर्वाचित राज्यसभा सदस्यों ने ली शपथ

- 5 सदस्यों ने हिन्दी, एक ने अंग्रेज़ी एक ने तमिल में ली शपथ
- उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने दिलाई शपथ

**नयी दिल्ली 25 जून. राज्यसभा के सभापति, सी. पी. राधाकृष्णन ने गुरुवार को दस नवनिर्वाचित/पुनर्निर्वाचित सदस्यों को सदन की सदस्यता की शपथ दिलाई.**

शपथ लेने वाले सदस्यों में प्रवीण चक्रवर्ती, देबाशीष सामंतराय, सना सतीश बाबू, विजय चिंतकायला, भाष्यम राम कृष्ण, लिंगामनेनी रमेश, राजेश परमानंद शुक्ल, बैद्यनाथ राम, नथवानी परिमल तथा ताई तागक शामिल है. नवनिर्वाचित सदस्यों में से पांच सदस्यों ने हिन्दी में, एक ने अंग्रेज़ी में, एक ने तमिल में तथा तीन ने तेलुगु में शपथ ली. शपथ लेने वाले सदस्यों में से चार सदस्य आंध्र प्रदेश राज्य से, दो झारखंड से तथा एक-एक सदस्य तमिलनाडु, गुजरात, अरुणाचल प्रदेश और ओडिशा से हैं. इस अवसर पर विधि एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल; सदन के कुछ सदस्य सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति; राज्य सभा के महासचिव पी. सी. मोदी तथा सचिवालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे. यह सभी सदस्य हाल ही में राज्यसभा के लिए हुए चुनाव में निर्वाचित हुए थे.

## गडकरी ने तीन राज्यों की हाईवे परियोजनाओं की समीक्षा

**नई दिल्ली, 25 जून.** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने तेलंगाना, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की गुणवत्ता, रखरखाव और प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध क्रियान्वयन तथा उच्च गुणवत्ता मानकों को सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं. श्री गडकरी ने यहां आयोजित अलग-अलग समीक्षा बैठकों में तेलंगाना के 4,931 किलोमीटर, जम्मू-कश्मीर के 2,035 किलोमीटर और लद्दाख के 804 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क से जुड़ी परियोजनाओं की स्थिति का आकलन किया.

## जिंदा होने की खबर से घबरा गई सिया

### लोहागढ़ किले के कर्मचारी के बयान ने हत्या जांच को दिया नया मोड़

**पुणे/लोनावला, 25 जून. पुणे के रियल एस्टेट कारोबारी केतन अग्रवाल की संदिग्ध मौत के मामले में जांच के दौरान एक महत्वपूर्ण खुलासा सामने आया है. लोहागढ़ किले पर तैनात एक कर्मचारी ने पुलिस को दिए बयान में दावा किया है कि घटना के बाद जब उसने केतन की मंगेतर सिया गोयल को बताया कि केतन जिंदा हैं, तब उसकी प्रतिक्रिया सामान्य नहीं थी.**

कर्मचारी के अनुसार, सिया के चेहरे पर राहत की जगह घबराहट और असहजता दिखाई दी. जानकारी के मुताबिक, 18 जून को लोहागढ़ किले के पास खाई में गिरने से 26 वर्षीय केतन



अग्रवाल की मौत हुई थी. शुरुआती तौर पर इसे हादसा माना गया, लेकिन बाद में जांच का रुख हत्या की आशंका की ओर मुड़ गया. घटना के समय मौजूद सिया गोयल ने बताया था कि फोटो खींचते समय केतन का संतुलन बिगड़ा और वह खाई में गिर गए. किले पर मौजूद कर्मचारी राहुल ने पुलिस को बताया कि सिया की आवाज सुनकर वह और अन्य लोग मौके पर पहुंचे थे. खोजबीन के दौरान केतन खाई में गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिले. राहुल के अनुसार, वह सिया को तत्काल सदमा नहीं देना चाहता था, इसलिए उसने उसे बताया कि केतन जिंदा हैं. राहुल का दावा है कि इस सूचना के बाद सिया का व्यवहार उसे असामान्य लगा. जांच के दौरान पुलिस को किले के सीसीटीवी फुटेज भी मिले हैं, जिनमें एक संदिग्ध व्यक्ति केतन और सिया के पीछे जाता दिखाई दिया.

## विश्व में सहयोग ही स्थिरता का आधार

**नई दिल्ली/जेजू (दक्षिण कोरिया), 25 जून. विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने विखंडित विश्व व्यवस्था को वर्तमान समय की वास्तविकता बताते हुए कहा है कि वैश्विक स्तर पर बढ़ते विभाजन और प्रतिस्पर्धा के बीच स्थिरता, दक्षता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करना जरूरी है.**

दक्षिण कोरिया में आयोजित जेजू शांति और समृद्धि मंच 2026 को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि दुनिया इस समय एकीकरण और विभाजन की समानांतर प्रक्रियाओं का अनुभव कर रही है. उन्होंने कहा कि वैश्विक परिदृश्य पर आपूर्ति श्रृंखलाओं, प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और



**वैश्विक चुनौतियों से निपटने परस्पर सहयोग पर जोर**

**दुनिया विभाजन व एकीकरण के दौर से गुजर रही**

महामारी, आतंकवाद तथा जलवायु परिवर्तन जैसी सीमा-पार चुनौतियों का गहरा प्रभाव पड़ रहा है. उनके अनुसार रणनीतिक प्रतिस्पर्धा अब व्यापार, प्रौद्योगिकी, वित्त और संपर्क व्यवस्था जैसे क्षेत्रों को भी तेजी से प्रभावित कर रही है, जबकि राजनीतिक दबाव और संरक्षणवादी नीतियां वैश्वीकरण की गति को कमजोर कर रही हैं. जयशंकर ने आतंकवाद के मुद्दे पर दोहरे मानदंड अपनाने की प्रवृत्ति, जलवायु परिवर्तन के संबंध में अधूरे वादों तथा विकासशील देशों की औद्योगिक प्रगति और बाजार पहुंच को प्रभावित करने वाली बाधाओं पर भी चिंता व्यक्त की. उन्होंने कहा कि जब बड़ी शक्तियां अपने सीमित हितों को प्राथमिकता देती हैं, तब विकासशील देशों पर पड़ने वाले प्रभावों की अनदेखी हो जाती है.

## कोलकाता हादसे में बढ़ा मौतों का आंकड़ा, आठ की गई जान

- गोदाम मालिक समेत पांच लोग गिरफ्तार
- 20 घायलों का अस्पताल में चल रहा है उपचार

**कोलकाता, 25 जून. पश्चिम बंगाल के तारातला क्षेत्र में निर्माणाधीन गोदाम के ढहने की घटना में मृतकों की संख्या बढ़कर आठ हो गई है. पुलिस ने गोदाम मालिक शंभूनाथ बेहरा समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि 20 घायलों का अस्पताल में उपचार किया जा रहा है.**

पुलिस सूत्रों के अनुसार शंभूनाथ बेहरा को बुधवार देर रात तारातला स्थित एक आवासीय परिसर से गिरफ्तार किया गया. उनके खिलाफ पुलिस ने स्वत: संज्ञान लेते हुए गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया है. इससे पहले गोदाम के सुपरवाइजर समेत करीब नौ लोगों को हिरासत में लिया गया है और तारातला थाने में उनसे पूछताछ की गई थी. बाद में बेहरा सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया. गिरफ्तार अन्य आरोपियों में स्ट्रक्चरल इंजीनियर कमल सामंत, सुपरवाइजर सैयद मोहम्मद गुलजार, श्रमिक आपूर्तिकर्ता मोहम्मद अताउल और सुभाष सरकार शामिल हैं.

## धर्मेंद्र प्रधान माफी मांगे और इस्तीफा दें

### लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बोला हमला

**नई दिल्ली, 25 जून. कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पर आरोप लगाया है कि उनकी सरकार नाकामियों को छिपाने के लिए छात्रों की आवाज दबाने का काम कर रही है और इस गुनाह के लिए उन्हें युवाओं से माफी मांग कर तत्काल पद से इस्तीफा देना चाहिए.**

श्री गांधी ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि यह देखकर आश्चर्य होता है कि सत्ता के अहंकार में डूबी मोदी सरकार इस स्थिति तक पहुंच गई है कि अपने अधिकारों, निष्पक्ष परीक्षाओं और सुरक्षित भविष्य की मांग करने



वाले छात्रों को उसके शिक्षा मंत्री आतंकवादी बता रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिनकी नाकामी से कई पेपर लीक हुए, जिनके कार्यकाल में छात्रों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ा और करोड़ों युवाओं का भविष्य प्रभावित हुआ, वे आज पीड़ित छात्रों और उनकी आवाज उठाने वालों को दहशतगर्द बता रहे हैं. कांग्रेस नेता ने कहा कि सरकार की यह प्रवृत्ति पुरानी है.

> किसानों को आंदोलनजीवी और परजीवी कहा गया, सवाल पूछने वालों को एंटी-नेशनल बताया गया और अब युवाओं को दहशतगर्द कहा जा रहा है. उनका आरोप था कि जो भी सरकार से सवाल पूछता है, उसे देशद्रोही ठहराने की राजनीति की जा रही है. उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री ने यह गंभीर अपराध किया है और इसके लिए उन्हें देश के करोड़ों युवाओं से तत्काल माफी मांगनी चाहिए.

## स्वदेशी अवाक्स प्रणाली नेत्र को मिली अंतिम मंजूरी

**नयी दिल्ली 25 जून. वायु सेना को स्वदेशी एयरबोर्न वार्निंग एंड कंट्रोल सिस्टम (अवाक्स) प्रणाली नेत्र का अंतिम संचालन मंजूरी प्रमाणपत्र मिल गया है. यह प्रमाण पत्र रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने दिया है.**

रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि इस स्वदेशी प्रणाली को वायु सेना, डीआरडीओ और संबद्ध उद्योगों के घनिष्ठ सहयोग से विकसित किया गया है, ताकि हवाई निगरानी, परिस्थितिजन्य जागरूकता तथा युद्ध प्रबंधन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि की जा सके.

यह प्रणाली उन्नत एयरोस्पेस एवं रक्षा प्रौद्योगिकियों में आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत की यात्रा की एक ऐतिहासिक उपलब्धि है. इसे प्रारम्भिक संचालन मंजूरी वर्ष 2017 में प्रदान की गयी थी. यह समारोह 25 जून को कर्नाटक के बेंगलुरु में वायु स्टाफ के उप प्रमुख एयर मार्शल अवधेश कुमार भारती की अध्यक्षता में आयोजित किया गया. इस अवसर पर पूर्व वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल आरकेएस भदौरिया (सेवानिवृत्त), डीआरडीओ के पूर्व अध्यक्ष डॉ. एस. क्रिस्टोफर, वायु सेना के सेवारत एवं सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारी, उत्कृष्ट वैज्ञानिक एवं वायुजनित प्रणाली केंद्र (सीएबीएस) की निदेशक पी. सन्ध्या, उत्कृष्ट वैज्ञानिक एवं मुख्य कार्यकारी (उड़ान योग्यता) एपीवीएस प्रसाद, वैज्ञानिक जी एवं नेत्र एफओसी प्रमुख एएस कुमारन, डीआरडीओ के अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा उद्योग साझेदार उपस्थित थे.

## शिवराज ने योगी को दो बड़े पत्र सौंपे

### शिवराज सिंह-सीएम योगी आदित्यनाथ की हाई लेवल मीटिंग

**लखनऊ/ नई दिल्ली, 25 जून. योजना भवन, लखनऊ में आज केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के साथ हाई लेवल समीक्षा बैठक में कृषि और ग्रामीण विकास की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की.**

बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने एक ओर रबी विपणन वर्ष 2026-27 के लिए गेहूं, चना, मसूर जैसी फसलों की एमएसपी पर खरीद अवधि 24 जून से 8 जुलाई 2026 तक बढ़ाने की मंजूरी का पत्र मुख्यमंत्री को सौंपा, तो दूसरी ओर प्रधानमंत्री




आवास योजना-ग्रामीण के नए चरण के तहत यूपी के लिए 6,18,482 पक्के मकानों की स्वीकृति का अनुमोदन पत्र भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंपा। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि उ.प्र. एक तरह से कृषि में देश का सिरमौर प्रदेश है और देश का लगभग 38 प्रतिशत गेहूं अकेले यह राज्य पैदा करता है.

## छात्रों को पढ़ाया जाएगा आपातकाल

**नई दिल्ली, 25 जून. राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की कक्षा नौ की सामाजिक विज्ञान की नयी पाठ्यपुस्तक में पहली बार आपातकाल विषय को शामिल किया गया है.**


संस्थान के एक अधिकारी ने गुरुवार को इस बात की पुष्टि की. समाज को समझना: भारत और उससे परे नामक पाठ्यपुस्तक में यह विषय उस अध्याय में जोड़ा गया है, जो भारत में लोकतंत्र की ताकत और चुनौतियों पर चर्चा करता है. एक अधिकारी ने मीडियाकर्मी से कहा कि कक्षा नौ की पुरानी पाठ्यपुस्तक में आपातकाल का कोई जिक्र नहीं था, लेकिन संशोधित पाठ्यक्रम के हिस्से के रूप में अब एक समर्पित खंड जोड़ा गया है।

## आपातकाल लोकतंत्र का सबसे काला अध्याय : मोदी



नई दिल्ली, 25 जून. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को 1975 में लगाए गए आपातकाल का विरोध करने वालों को श्रद्धांजलि अर्पित की। दोनों नेताओं ने इसे भारतीय लोकतंत्र के इतिहास के सबसे अंधकारमय अध्यायों में से एक बताते हुए भारतीय संविधान पर सीधा हमला करार दिया. सोशल मीडिया मंच एक्स पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज हम उन सभी लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं जिन्होंने भारत के इतिहास के सबसे अंधकारमय दौरों में से एक, आपातकाल के दौरान लोकतांत्रिक मूल्यों की दृढ़ता से रक्षा की. उन्होंने कहा कि आपातकाल भारतीय संविधान पर सीधा हमला था. इस दौरान नागरिक स्वतंत्रताओं को निलंबित किया गया, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाया गया और राजनीतिक नेताओं, पत्रकारों तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया. साथ ही लोकतंत्र की आधारशिला माने जाने वाले संस्थानों पर भी आघात किया गया. प्रधानमंत्री ने कहा कि इस कठिन दौर ने उन अनगिनत नागरिकों के असाधारण साहस को भी सामने रखा, जिन्होंने चुप रहने से इनकार किया और संविधान में निहित आदर्शों को बनाए रखा. उन्होंने कहा कि संविधान 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं, अधिकारों और कर्तव्यों का प्रतीक है. हम सभी संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के प्रति अपनी सामूहिक प्रतिबद्धता दोहराते हैं. संविधान की भावना से प्रेरित होकर भारत न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के प्रति समर्पित राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ता रहेगा. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी आपातकाल को याद करते हुए कहा कि यह ऐसा दौर था जब लोकतांत्रिक अधिकारों और संस्थाओं पर गंभीर दबाव पड़ा था.

## हस्तियों के ट्वीट



ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अरागची ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि ईरान का कहना है कि होर्मुज़ जलडमरूमध्य से गुजरने की कोशिश करने वाले किसी भी जहाज को पहले इजाजत लेनी होगी.

**- सैयद अब्बास अरागची**

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पंजाब की राजनीति को लेकर विपक्ष पर तीखा हमला बोला है. उन्होंने कहा कि भगवंत मान का जो वीडियो वायरल किया गया था, वह पूरी तरह फर्जी निकला है और उसे मास्क लगवाकर तैयार कराया गया था. - **अरविंद केजरीवाल**




**पश्चिम मध्य रेल**

**खुली निविदा**

निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **(1) निविदा सूचना क्रमांक:** डी.आर.एम डब्ल्यू-जे.बी.पी.-102-2026, दिनांक: 22/06/2026 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** सीनियर डिवीजनल इंजीनियर (पश्चिम) जबलपुर के अंतर्गत असिस्टेंट डिवीजनल इंजीनियर सागर सब-डिवीजन के तहत पी.वे गैंग यूनिट पर बैठने की व्यवस्था और टॉयलेट के साथ गैंग टूल रूम (14 यूनिट) और खुरई व सागर में ट्रॉली शेड का निर्माण। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** ₹1,32,05,414/- **बयाना राशि:** ₹ 2,64,100/- **समापन अवधि:** 12 माह **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजे तक:** 17/07/2026 **निविदा खुलने की तिथि एवं समय 15.15 बजे:** 17/07/2026. उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय, पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

(हस्ता.)

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), प.म.रे., जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



SYNISE e-Sale & Sourcing

**E-Auction**

**NMDC LTD., PANNA**

**E-Auction Date 10.07.2026**

**Sale of Scrapped VEHICLES**

Hemchand : 9835909933

hemchandk@synise.com | www.synise.com



**M.P. BUILDING DEVELOPMENT CORPORATION**
(An Agency of Govt. of M.P. Public Works Department)
16-A, CEDMAP Building, Arera Hills, Bhopal (M.P.)-462011
Telephone No. : 0755-4853297, 0755-4853295
E-mail : einc-mpbdc@mp.gov.in, dgmhqmpbdc@gmail.com
NIT No. : 5478/GM/MPBDC/CW&DIS/26/NIT-84 Bhopal, Dated : 25.06.2026

**NOTICE INVITING TENDER**

Madhya Pradesh Building Development Corporation Limited (MPBDC) Bhopal invites online tenders for the following works : -

1. Construction of Composite District Office Building Mandla M.P. **PAC Rs. 2,497.45 Lakhs**
2. Construction of Government college at Shahpur Dist. Sagar M.P. **PAC Rs. 1,291.59 Lakhs**
3. Construction of new College of Nursing (CON) at Dist Mandla M.P. **PAC Rs. 1,183.03 Lakhs**
4. Construction work of District Institute of Education and Training COE at Dist. Vidisha M.P. **PAC Rs. 1,026.49 Lakhs**
5. Construction work of District Institute of Education and Training COE at Dist. Ujjain M.P. **PAC Rs. 993.19 Lakhs**
6. Construction work of District Institute of Education and Training COE at Dist. Shajapur M.P. **PAC Rs. 953.75 Lakhs**
7. Construction work of District Institute of Education and Training COE at Dist. Shahdol M.P. **PAC Rs. 930.92 Lakhs**
8. Construction work of District Institute of Education and Training COE at Dist. Narsinghpur M.P. **PAC Rs. 851.29 Lakhs**
9. Construction work of District Institute of Education and Training COE at Dist. Umaria M.P. **PAC Rs. 826.19 Lakhs**
10. Construction of Sports complex at Dist. Neemuch M.P. **PAC Rs. 530.61 Lakhs**
11. Construction of Regional Office in Govt. Arts and Commerce College Campus at Sagar (M.P.) **PAC Rs. 338.53 Lakhs**
12. Construction of Volleyball and Tin shed at Govt. School of Excellence Dist. Narsinghpur M.P. **PAC Rs. 86.48 Lakhs**
13. New Furniture for MPBDC office at Second Floor and Third Floor of CEDMAP Building Arera Hills, Bhopal. (2nd Call) **PAC Rs. 104.75 Lakhs**
14. Demolition of the old government residential and non-residential buildings at proposed site of upcoming project of Shyamshah Medical College Rewa, M.P. (2nd Call) **PAC Rs. 58.93 Lakhs**
15. Dismantling of Hostel in Govt. Mahakoshal College, Jabalpur (M.P.) **PAC Rs. 0.00 Lakhs**
16. Dismantling of Old Tehsil Building in the Tehsil Campus at Anuppur (M.P.) **PAC Rs. 0.85 Lakhs**
17. Dismantling of The Existing Dilapidated Buildings at The Site of Sandipani school Karondi Gram, Jabalpur, Madhya Pradesh. **PAC Rs. 0.00 Lakhs**
18. Dismantling of Old Government Residential Quarters and Non-Residential Buildings at K.E.H. Compound, Indore for Construction of 1450-Bedded MY Hospital and Multi-Level Parking at Indore. **PAC Rs. 6.78 Lakhs**

Detailed NIT and tender documents can be viewed, downloaded and purchased online for from (01.07.2026 at 18:00 hrs. to 22.07.2026 at 15:30 hrs. for S. No. 1 to 12), (06.07.2026 at 18:00 hrs. to 21.07.2026 at 15:30 hrs. for S. No. 13), (06.07.2026 at 18:00 hrs. to 13.07.2026 at 15:30 hrs. for S. No. 14), (01.07.2026 at 18:00 hrs. to 08.07.2026 at 15:30 hrs. for S. No. 15 to 18) from Website **www.mptenders.gov.in** The bidders have to submit the Bids online only from website **www.mptenders.gov.in.** PAC can vary at the time of uploading of tender document. Any amendment/corrigendum 'if any' will be published on website only, will not be published on newspapers.

M.P. Madhyam/126574/2026 **MANAGING DIRECTOR**